हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 23 अगस्त 2025

04 शास्त्रों में कहीं भी प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्ति का ...



07 'लाड़ली बहनों को बोरियों में भर देंगे' बयान से गरमाई...





### विरोध करने का अनूठा तरीका: बीमा क्लेम नहीं मिलने से आक्रोशित किसानों का चौथे दिन भी जारी रहा प्रदर्शन

# किसानों ने ढोलक-मंझीरे संग गाया मोदी भजन बीमा कंपनी की अर्थी निकालकर जल समाधि ली

किसानों का कहना है कि बीमा कंपनी सिर्फ किसानों से प्रीमियम लेती है, लेकिन नुकसान होने पर उन्हें मजाक बना दिया जाता है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भोपाल और सीहोर जिले के किसानों का गुस्सा अब भजन-कीर्तन के रूप में सामने आया है। किसानों ने ढोलक और मंझीरे की थाप पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित करते हुए भजन गाकर फसल बीमा की मांग की। उनका कहना है कि पांच वर्षों से लगातार फसलें बर्बाद हो रही हैं, लेकिन बीमा कंपनियां उन्हें उचित मुआवजा नहीं दे रही हैं।

**जल समाधि ले रहे किसान**

किसानों का जल सत्याग्रह चौथे दिन भी जारी है। सीहोर जिले की सीवन नदी और भोपाल जिले की कुलासी नदी में किसान पानी में खड़े होकर 'जल समाधि' ले रहे हैं। उनका कहना है कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होती, तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा।

**बीमा कंपनी की अर्थी गांव में निकाली**

गुस्साए किसानों ने बीमा कंपनी की प्रतीकात्मक अर्थी बनाकर गांव-गांव घुमाई और फिर उसे सीवन नदी में डुबो दिया। किसानों का कहना है कि बीमा कंपनी सिर्फ किसानों से प्रीमियम लेती है, लेकिन नुकसान होने पर उन्हें मजाक बना दिया जाता है। यही कारण है कि अब किसान झुंझुना बजाकर विरोध कर रहे हैं।







**नेताओं के साथ किसान :** इस आंदोलन का नेतृत्व किसान व समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा कर रहे हैं। उनके साथ बनेसिंह, गुलाबसिंह, हिम्मत सिंह, केदार सिंह और अन्य किसान लगातार जल सत्याग्रह में डटे हुए हैं। उनका कहना है कि हर छह महीने में बैंक बीमा प्रीमियम काटता है, लेकिन किसानों को न तो मुआवजा मिलता है और न ही राहत।

**किसानों की अंतिम मांग**

किसानों ने साफ कहा है कि यदि सरकार बीमा राशि नहीं दे सकती तो कम से कम बीमा प्रीमियम काटना बंद करे। उनकी मांग है कि पांच वर्षों से खराब हुई सभी फसलों का बीमा तुरंत दिया जाए, वरना वे आंदोलन को और तेज करेंगे।

**झुंझुनू से तुलना, किसानों की पीड़ा**

किसानों ने तंज कसते हुए कहा कि राजस्थान के झुंझुनू के किसानों को तो बीमा मिला, लेकिन मध्यप्रदेश के भोपाल और सीहोर के 80 प्रतिशत किसानों को सिर्फ झुनझुना थमा दिया गया। कई किसानों को मात्र 100 से 1000 रुपये तक की राशि दी गई है, जो उनके अनुसार ₹ऊंट के मुंह में जीरा₹ जैसा है।

## खबर संक्षेप

### 9वीं एवं 11वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीयन 23 सितंबर तक मांगे

**सीहोर।** जिले के श्यामपुर स्थित जवाहर नवोदय स्कूल में कक्षा 9वीं एवं 11वीं में सत्र 2026-27 चयन परीक्षा के माध्यम से प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ हो गए है। यह प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन होगी जिसका आवेदन नवोदया विद्यालय समिति की बेवसाईट पर दिये गये लिंक के माध्यम से किए जा सकते हैं। पंजीयन की अंतिम तिथि 23 सितंबर 2025 है। कक्षा 9वीं में पंजीयन के लिए अभ्यर्थी की जन्म तारीख 01 मई 2011 से 31 जुलाई 2013 के बीच होना चाहिए। इसी प्रकार कक्षा 11वीं में पंजीयन के लिए अभ्यर्थी की जन्म तारीख 01 जून 2009 से 31 जुलाई 2011 के बीच होना चाहिए।

### अवकाश के दिनों में बिजली बिल भुगतान केन्द्र खुलेंगे

**सीहोर।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यक्षेत्र के अंतर्गत 27 अगस्त (गणेश चतुर्थी) समस्त शनिवार, 23 अगस्त, 30 अगस्त एवं समस्त रविवार, 24 अगस्त, 31 अगस्त को बिल भुगतान केन्द्र सामान्य कार्य दिवसों की तरह कार्य करते रहेंगे। बिजली उपभोक्ताओं से अपील है कि वे ऑनलाइन माध्यम से भी बिल भुगतान कर सकते हैं। कंपनी ने यह भी निर्देश दिए हैं कि कंपनी कार्यक्षेत्र के सभी बिजली वितरण केन्द्र/बिल भुगतान केन्द्र अवकाश के दिनों में खुले रहेंगे। इसके लिए सभी मैदानी महाप्रबंधकों को निर्देशित किया गया है।

### 60 वर्ष बाद मिलेगी 3 हजार रुपए पेंशन

**सीहोर।** केन्द्र सरकार द्वारा असंगठित श्रमिकों की सामाजिक सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए केन्द्रीय श्रम मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के अंतर्गत 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के समस्त असंगठित क्षेत्र के श्रमिक जिनकी मासिक आय 15 हजार से कम है, इस योजना के लिए पात्र होंगे।

# 'एक नगर, दो मंडल' की सियासत में उलझा सीहोर, मेष राशि से होगा दूसरा अध्यक्ष...!

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भारतीय जनता पार्टी के सीहोर नगर मंडल में इन दिनों अजीबोगरीब सियासी हलचल देखने को मिल रही है। जहां एक ओर महीनों से अटकी नगर मंडल की कार्यकारिणी के गठन का मुद्दा उलझा हुआ है, वहीं दूसरी ओर पार्टी ने अब नगर में एक और नए मंडल के गठन की तैयारी शुरू कर दी है। इस दोहरी हलचल ने नगर की राजनीति में चर्चाओं का एक नया दौर छेड़ दिया है।

इधर नगर मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति ने अपनी कार्यकारिणी के नामों की सूची बनाकर काफी पहले ही भाजपा जिलाध्यक्ष को भेज दी थी, लेकिन अभी तक इस पर कोई फैसला नहीं हो पाया है और कार्यकारिणी गठन की फाइल धूल फांक रही है।

**92 बूथ बने नए मंडल की वजह :** पार्टी के संगठनात्मक नियमों के अनुसार किसी भी क्षेत्र में 90 बूथ से ज्यादा होने पर वहां दो मंडल होना जरुरी होता है। सीहोर नगर में इस समय 92 बूथ हैं, यही वजह है कि संगठन ने अब यहां एक और मंडल बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि नगर मंडल को अब पुराने शहर मंडी-कस्बा क्षेत्र और नए शहर में बांटा जाएगा।

**नए अध्यक्ष के लिए भेजी तीन नाम की पैनल**

नए मंडल के गठन के साथ ही नए अध्यक्ष की तलाश भी शुरू हो गई है। फिलहाल सुदीप प्रजापति पहले से ही नगर मंडल अध्यक्ष हैं। बताया जा रहा है कि भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा द्वारा दूसरे मंडल अध्यक्ष के लिए तीन नामों की पैनल बनाकर भोपाल संगठन को सूची भेज दी गई है, जल्द ही दूसरे मंडल अध्यक्ष के नाम का ऐलान हो जाएगा।

# दुकान का ताला तोड़कर चोरी करने वाले गिरोह का किया खुलासा

### आरोपीगण ने दुकान से किराना समान व नगदी किया था चोरी

**भैरुंदा।** फरियादी रामदिन जायसवाल पिता मांगीलाल जायसवाल उम्र 44 साल निवासी सिंहपुर थाना भैरुंदा ने ने रिपोर्ट किया कि 22 जुलाई को रात मे करीबन 10 बजे से सुबह के बीच अज्ञात चोरों द्वारा इसकी किराना दुकान के गेट का ताला तोड़कर किराना दुकान मे रखी माधुरी कंपनी के तेल कुप्पे, गुडरिक चाय के पैकेट, कच्ची सुपारी, राजश्री के पैकेट, कमला पंसद के पैकेट, लक्स साबुन एवं लाईफबाय साबुन की पेटी, बीडी बिंडल, कैमरे का डीवीआर, अन्य काफी सामग्री एवं गल्ले मे रखे नगदी कुल 15000 रुपए कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गए।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत एवं एसडीओपी रोशन कुमार जैन के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक घनश्याम दांगी के नेतृत्व में टीम गठित की गई। पुलिस की टीम के द्वारा आसपास लगे सीसीटीवी केमरे खंगाले गए एवं साइबर सेल सीहोर से तकनीकी सहायता प्राप्त की गई। आरोपीगण को चिन्हित कर मुखबितंत्र को सक्रिय किया गया। मुखबिर सूचना के आधार पर 20 अगस्त को संदेही गोलू उर्फ हेमन्त मीणा पिता रमेश मीणा उम्र 25 साल, अजय पिता रमेश मीणा उम्र 24 साल, राहुल मीणा पिता मान सिंह मीणा उम्र 28 साल निवासीगण कनेरिया थाना इछावर जिला सीहोर को लाड़कुई से हिरासत में लेकर मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ की गई जिन्होने अपना जुर्म करना स्वीकार किया गया एवं स्वीकारोक्ति पश्चात आरोपीगण के कब्जे से चोरी किए गए किराना सामग्री, नगद रुपए एवं घटना में प्रयुक्त दो पहिया वाहन कुल कीमत करीबन 1,50000 रुपए का मशरूका जप्त किया गया। आरोपीगण द्वारा पूछताछ में इछावर थाना क्षेत्र में भी चोरी की वारदात करना स्वीकार किए है जिसकी थाना इछावर को सूचना दी गई जिनके द्वारा अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही हैं। गिरफ्तार शुदा आरोपीगण को माननीय न्यायालय पेश कर उपजेल भैरुंदा मे दाखिल किया गया।



# जब्बार खान के मकान की लीज- डीड होगी निरस्त नगर पालिका ने फिर चस्पा किया मकान पर नोटिस

**सीहोर।** जेल में बंद धर्मांतरण के आरोपी जब्बार खान की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। शुक्रवार को नगरपालिका ने एक बार फिर जब्बार खान के मकान पर एक नोटिस चस्पा किया है, जिसमें भूखंड आवंटन नियम शर्तों का उल्लघंन पाए जाने पर भवन की लीज- डीड निरस्त करने का उल्लेख किया गया है। नोटिस में उसे जबाव देने के लिए 15 दिन की मोहलत दी गई है। उसके बाद बेदखली की कार्रवाई की जा सकेगी।

गत 17 अगस्त को धर्मांतरण के आरोप में पुलिस के हत्थे चढ़ा हाउसिंग बोर्ड कालोनी निवासी जब्बार खान आ। जरदार खान जमानत याचिका निरस्त होने के कारण जेल में बंद है, जबकि सह आरोपी उसकी पत्नी ताहिरा खान फिलहाल पुलिस की गिरफ्त से दूर फरार बताई जा रही है। धर्मांतरण के आरोपी जब्बार खान के खिलाफ शहर में जनाक्रोश का माहौल बना हुआ है और धार्मिक संगठनों द्वारा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की जा रही है। इसी तारतम्य में नगरपालिका ने भी जब्बार खान पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। तीन दिन पहले नपा द्वारा भवन निर्माण संबंधी अनुमति प्रस्तुत करने के लिए जब्बार खान के नाम पर नोटिस जारी किया था। नपाकर्मी जब नोटिस देने उसके घर पहुंचे तो अंदर से कोई बाहर नहीं निकला। नतीजतन नपाकर्मियों ने नोटिस उसके घर की दीवार पर चस्पा कर दिया था। इस दौरान नपा ने जब जब्बार खान के भवन संबंधी फाईल देखी तो उसमें पाया गया कि उक्त भवन पूर्व में अशोक डाबी के नाम पर आवंटित था, जिसे जब्बार खान ने उससे वर्ष 2018 में खरीदकर नामांतरण करा लिया था। नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने पत्रकारों के समक्ष बताया कि जब्बार खान द्वारा भूखंड आवंटन नियम, शर्तों एवं लीज-डीड की शर्तों का उल्लंघन किया गया है। उसके द्वारा भवन के ऊपरी तल पर नपा की अनुमति के बिना अवैध निर्माण किया है, इसके अलावा उसके द्वारा भवन में धर्मांतरण की गतिविधियों को भी अंजाम दिया जा रहा था। जिस पर पुलिस द्वारा उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई है। नपाध्यक्ष ने कहा कि जब्बार खान के अवैधानिक कृत्य को देखते हुए उसके भवन ईडब्ल्यूएस भूखंड 20 की लीज- डीड समाप्त करने के संबंध में नोटिस जारी किया गया है। 15 दिन में उसके द्वारा संतोषजनक उत्तर प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो नपा द्वारा उसके भवन की लीज- डीड समाप्त कर देगी।



### मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजनान्तर्गत दूसरी यात्रा तिरूपति के लिए आवेदन 12 तक

**सीहोर।** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के तहत जिले के तीर्थी यात्री के लिए जिल से दो यात्रा आयोजित की जा रही है। मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा के लिए जारी निर्देशानुसार दूसरी यात्रा तिरूपति 24 सितम्बर से 29 सितम्बर तक यात्री बर्थ-200 और अनुरक्षक एव सुरक्षाकर्मी-4रहेगें। यात्रा के लिए आवेदन 12 सितम्बर तक किया जा सकता हे।डिप्टी कलेक्टर श्री सुधीर कुमार कुशवाह ने सभी सीईओ जनपद पंचायत एवं सीएमओ नगर पालिका को निर्देश जारी किये है कि आवेदकों से आवेदन प्राप्त करने के लिए अपने-अपने स्तर पर यात्रा का प्रचार-प्रसार करें एवं सभी आवेदकों से निर्देशों का पालन करते हुए आवेदन लिए जावे एवं आवेदनों की सूची कलेक्ट्रेट कार्यालय को शीघ्र उपलब्ध करावें।

### उद्योग संचालन संबंधी समस्याओं के निराकरण के दिए निर्देश

# कलेक्टर ने 5 एमएसएमई इकाइयों तथा खोखरी स्थित एक औद्योगिक इकाई का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरु के. ने सीहोर के बढ़यिखेड़ी स्थित 5 एमएसएमई औद्योगिक ईकाइयों एवं ग्राम खोखरी स्थित दीपक फास्टनर्स ईकाई का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने इन इकाइयों में चल रही उत्पादन प्रक्रिया एवं निर्मित उत्पादों की प्रक्रिया को समझा और इकाई प्रतिनिधियों से इकाई के कार्यो, श्रमिकों की जानकरी एवं उद्योग संचालन के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने उद्योग संचालन में आ रही समस्याओं के सम्बन्ध में उद्योगपतियों से चर्चा की और संबंधित अधिकारियों को निराकरण के लिए आवश्यक निर्देश दिए। बड़ियाखेड़ी औद्योगिक क्षेत्र स्थित एमएसएमई इकाइयों के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने विभिन्न उद्योगों का निरीक्षण किया एवं उद्योगपतियों से चर्चा की। उन्होंने मेसर्स जगदम्बे पाइप एंटरप्राइजेज, मेसर्स उपाध्याय मसाला, मेसर्स युवन कॉर्पोरेशन, मेसर्स भुवन इंडस्ट्रीज और मेसर्स ओम बचावर इंडस्ट्रीज (ओम थर्माकोल) का भ्रमण किया। खोखरी स्थित दीपक फास्टनर्स इकाई के निरीक्षण दौरान कलेक्टर बालागुरू के. को इकाई के संचालक कार्तिकेयन जयपाल ने इकाई की उत्पादन प्रक्रिया एवं निर्मित उत्पादों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इसके साथ ही इकाई द्वारा किए जाने वाले नवाचार आईटीआई में इकाई से संबंधित ट्रेड के प्रशिक्षण शुरू करने के संबंध में भी चर्चा की गई। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उद्योगपतियों के प्रयासों की सराहना की और गुणवत्ता तथा नवाचार को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान जिला व्यापर एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक अनुराग वर्मा एवं एमपीआईडीसी के प्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्तिथ थे।



# खाली ट्रक में भीषण आग, फायर ब्रिगेड की तत्परता से टला बड़ा हादसा, मचा हड़कंप

**सीहोर।** शहर के जमुनिया रोड स्थित साइलो वेयरहाउस पर खड़े एक खाली ट्रक में देर रात अचानक आग लग गई। यह हादसा गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात करीब 12:45 बजे हुआ। चंद मिनटों में लपटें इतनी तेज हो गईं कि ट्रक पूरी तरह जलकर राख हो गया और इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

स्थानीय लोगों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल चालक आरिफ खान और फायरमैन अतीक खान मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद लगभग आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया। उनकी तत्परता से बड़ा हादसा टल गया क्योंकि वेयरहाउस परिसर में अन्य ट्रक भी खड़े हुए थे। यदि आग फैलती तो नुकसान और भी भयावह हो सकता था। घटना का वीडियो प्रत्यक्षदर्शियों ने सोशल मीडिया पर साझा किया, जिसमें आग की भीषण लपटें साफ देखी जा सकती हैं। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण ट्रक की वायरिंग में शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है, हालांकि पुलिस ने अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। मंडी थाना प्रभारी सुनील मेहर ने बताया कि पुलिस ट्रक मालिक की पहचान कर रही है और मामले की गहन जांच जारी है। इस घटना ने पूरे क्षेत्र में दहशत फैला दी है, हालांकि फायर ब्रिगेड की सक्रियता से बड़ी त्रासदी टल गई।



खबर संक्षेप



### कन्या शिक्षा परिसर की छात्राओं ने जीते पुरस्कार

**सीहोर** |आंचलिक विज्ञान केंद्र में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस और द्वितीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कन्या शिक्षा परिसर, की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। यह विद्यालय सूर्या फाउंडेशन द्वारा संचालित है। कक्षा 7वीं की छात्रा अंजलि कवरे ने पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल किया। उन्हें नकद राशि, एक प्रशस्ति पत्र, शील्ड और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसी कार्यक्रम में कक्षा 11वीं की छात्राएं शारदा बसावे और कंचन उइके ने मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता में विशेष सम्मान प्राप्त किया। यह आयोजन इसरो की मास्टर कंट्रोल सुविधा, भोपाल के तत्वावधान में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इसरो, अहमदाबाद के डॉ. धनीराम रजक ने विजेताओं को पुरस्कार देकर उनका उत्साह बढ़ाया।

### हॉस्पिटल चौराहा से उलझावन सागोनी रोड तक गहरे गड्ढे



**सीहोर**। ग्राम बमुलिया में हॉस्पिटल चौराहा से उलझावन सागोनी रोड की हालत बहुत खराब हो गई है। सड़क पर कीचड़ और पानी जमा है। जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं। कोई न कोई ग्रामीण बाइक से या पैदल चलते समय गिर रहा है। हरिओम परमार ने बताया कि इस समस्या की जानकारी पंचायत को दी जा चुकी है। आम सभा की बैठक में भी ग्रामीणों ने यह मुद्दा उठाया था। इसके बाद भी पंचायत ने कोई समाधान नहीं किया। इसी रोड से छोरियां चली गांव में चल रही सीरियल की शूटिंग के बड़े वाहन भी रोज निकलते हैं। इससे सड़क और ज्यादा खराब हो गई है। रोड पर आगे सरकारी स्कूल, अस्पताल, सोसाइटी और गांव का मुख्य चौराहा है। हर मंगलवार को यहीं साप्ताहिक बाजार लगता है। दो साल पहले पीडब्ल्यूडी ने सागोनी से बमुलिया तक सड़क बनाई थी, लेकिन गांव के बीच में ही अधूरी छोड़ दी गई।

### श्री राम दरबार में खड़ी सत्ता का समापन

**सीहोर**। गुरुवार को खड़ी सत्ता का समापन पर बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल रहीं। महिलाओं ने बताया कि खड़ी सत्ता बुधवार को शुरू हुई थी। यह आयोजन 24 घंटे तक चला। ढोलक और झांझ की धुन पर 24 घंटे जागकर परिक्रमा की। भगवान के भजन गाए। आयोजन गांव की उन्नति, अच्छी फसल और बारिश की कामना के साथ किया गया।

## माटी गणेश सिद्ध गणेश प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न

# शास्त्रों में कहीं भी प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्ति का जिक्र नहीं है: पारुल उपाध्याय

### मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद विकासखण्ड द्वारा माटी गणेश सिद्ध गणेश कार्यक्रम आयोजित कर माटी के गणेश बनाकर प्रकृति संरक्षण का संकल्प लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैरुंदा

मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद विकासखण्ड भैरुँदा द्वारा माटी गणेश सिद्ध गणेश कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें माटी के गणेश बनाकर प्रकृति संरक्षण का संकल्प लिया गया। ब्लॉक भैरुँदा के जनपद पंचायत परिसर में आयोजित कार्यक्रम माटी गणेश सिद्ध गणेश प्रशिक्षण का शुभारंभ अथितियों द्वारा सरस्वती माता एवं भारत माता के चित्र पर माल्यापर्ण कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भैरुँदा के मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा द्वारा बताया गया कि स्व. अनिल माधव दवे जी के स्वप्न को साकार कर रहा है जन अभियान परिषद। जन अभियान परिषद द्वारा जो भी कार्यक्रम हाथ मे लिया जाता है वह अपने आप सिद्ध कार्यक्रम हो जाता है। और आज प्रकृति संरक्षण इस अभियान में माटी गणेश सिद्ध गणेश कार्यक्रम भविष्य की पीढ़ी के लिए प्रेरणा का कार्य करेगा और प्रकृति का संरक्षण में सहयोगी होगा। वहीं जनअभियान परिषद की जिला समन्वयक पारुल उपाध्याय द्वारा बताया गया कि हमारे शास्त्रों में कहीं भी प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्ति का जिक्र नही है, इसी लिए हमको अपने धर्म के साथ आचरण करते हुए केवल मिट्टी के गणेश ही स्थापित करना चाहिए, वही हमको भी अपने ग्रामो में जाकर मिट्टी के गणेश बनाने का प्रशिक्षण देकर उनकी स्थापना करवानी चाहिए। क्योंकि प्रकृति का संरक्षण करना हमारा धर्म है । कार्यम की शुरआत में ब्लॉक समन्वयक सीमा भार्गव जी द्वारा मिट्टी के गणेश के प्रशिक्षण के संबंध में प्रकाश डाला गया। ग्राम लाड़कुई से आई सोनम एवं अमीरगंज से राज कुमरे द्वारा मिट्टी के गणेश जी बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा नेता कपिल खण्डेलवाल, पूर्व मंडी अध्यक्ष श्रीराम यादव, रमा मारुति शिशिर, राधिका जैमिनी उपस्थित रहे। माटी गणेश के इस प्रशिक्षण में परामर्शदाता अभिषेक शर्मा,बबली शर्मा, ज्योति यदुवंशी नावँकुर से केशर ,उत्तम ,मुकेश पंवार, जितेंद्र ,अनंतनारायण एवं प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष सचिव, छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित रहें। वहीं परामर्शदाता राकेश पंवार द्वारा संचालन किया गया एवं आभार दिलीप राजोरिया द्वारा किया गया।



### मिट्टी की प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण



सीहोर। मिट्टी गणेश–सिद्ध गणेश अभियान के तहत जन अभियान परिषद द्वारा पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्राम कचनारिया में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर द्वारा उपस्थित समिति सदस्यों एवं नवांकुर सखियों को मिट्टी से गणेश प्रतिमा बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर सभी को प्रेरित करते हुए बताया की पीओपी से बनी प्रतिमा विसर्जन के पश्चात पर्यावरण को नुकसान पहुंचाती है, इसलिए हम सभी को मिट्टी से बनी हुई प्रतिमा का उपयोग करना चाहिए। कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक प्रदीप सिंह सेंगर, श्री जितेंद्र परमार, नीतू मेवाड़ा, नवांकुर संस्था प्रतिनिधि, समिति सदस्य, नवांकुर सखियाँ, छात्र-छात्राएं उपस्थित शामिल हुए।

## ट्राइडेंट ने ग्राम खांडाबड़ में लगाया स्वास्थ्य शिविर



**बुधनी**।धरती आबा जनजातीय उन्नत ग्राम परियोजना के अंतर्गत मधुबन अस्पताल द्वारा ग्राम खांडाबड़ में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि ट्राइडेंट ग्रुप के चेयरमेन पद्मश्री राजिंदर गुप्ता एवं सीएसआर प्रमुख मधु गुप्ता के निर्देशन में ट्राइडेंट ह्यूमैनिटी फाऊंडेशन के सहयोग से हेल्थ ऑन व्हील योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 66 ग्रामीणों ने स्वास्थ्य और परामर्श सेवाओं का लाभ लिया वही 12 ग्रामीणों के बीपी,शुगर और हीमोग्लोबिन की जांच की गई स्वस्थ गांव समृद्ध समाज की परिकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से ट्राइडेंट द्वारा इन शिविरों का लगातार आयोजन किया जा रहा है गंभीर मामलों के लिए रेफरल और मोबाइल एंबुलेंस सेवाएं भी उपलब्ध रहीं वरिष्ठ चिकित्सकों की मौजूदगी में निशुल्क दवाओं का वितरण, सभी के लिए आयुष्मान,आभा कार्ड बनाना तथा गंभीर रोगियों के लिए रेफरल सुविधा उपलब्ध रही।

## माटीशिल्पीयों को दिया जाएगा 45 दिवसीय निशुल्क प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

राज्य माटीकला बोर्ड द्वारा कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम योजना के तहत माटीशिल्पियों को जिला स्तर पर 45 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए आवेदन आमंत्रित किए गए है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए 18 से 45 वर्ष आयु तक के इच्छुक आवेदक 10 सितंबर को शाम 06 बजे से पहले कलेक्ट्रेट के जिला पंचायत परिसर पहुंचकर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र का प्रारूप एवं अन्य आवश्यक जानकारी जिला पंचायत परिसर से प्राप्त की जा सकती है। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9479906073 पर संपर्क किया जा सकता है।

## बच्चों की किताबों से दोस्ती के उद्देश्य से माई बुक माई स्टोरी की वैन पहुंची पीएम श्री स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैरुंदा




कलेक्टर बालागुरू के. और जिला पंचायत सीईओ नेहा जैन ने सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर से मोबाइल रीडिंग वैन में को रवाना गया था। जो कि शुक्रवार को भैरूंदा के भिलाई और भैरुंदा नगर के पीएम श्री स्कूल में पहुंची। जहां पीएम श्री स्कूल के विद्यार्थियों को कहानी की किताबे वितरण कर उनके साथ कई गतिविधियां की। वहीं बच्चों ने ड्राइंग भी बनाई। यह वैन बच्चों की पढ़ने की क्षमता बढ़ाने और य पढ़ाई को रुचिकर बनाने के लिए शुरू की गई है। इसका संचालन जिला शिक्षा केंद्र, डाइट और मिशन अंकुर टीम कर रही है। वैन का उद्देश्य बच्चों, शिक्षकों, अभिभावकों और समुदाय में पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा देना है। साथ ही किताब पढ़ने की आदत को मजबूत करना है। ताकि हर बच्चा किताबों में अपनी कहानी खोज सके और कह सके- मेरी किताब, मेरी कहानी। इस मोबाइल बेन जिले के कई स्कूल के बच्चों को किताबें पढ़ने के लिए प्रेरित कर रही है। इस अभियान का मकसद साफ है - स्कूल लाइब्रेरी की किताबें सिर्फ शोकेस तक सीमित न रहें बल्कि बच्चे उन्हें दिलचस्पी से पढ़ें।इस अभियान का मूल उद्देश्य बच्चों में किताब पढ़ने की आदत को दोबारा जीवित करना है। वहीं, अभियान के दौरान संजय शर्मा ने बताया कि यह पहल बच्चों की रीडिंग हैबिट को विकसित करने में मील का पत्थर साबित हो रही है। इस अभियान में इस स्कूलों में बच्चों को किताबें वितरण कर उन्हें पढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। पीएम श्री स्कूल में स्कूली बच्चों के साथ कई गतिविधियां की गई। इस दौरान बच्चों ने ड्राइंग बनाई। अनेक प्रकार की गतिविधियों भी कराई गई।इस दौरान बीआरसी विजय पंवार, स्कूल प्राचार्य सहित स्कूल के शिक्षक शिक्षिका और छात्र छात्राएं मौजूद रहे।


## 360 बच्चों का टीकाकरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस के तहत जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया गया। जिले में 22 अगस्त को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 270 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 90 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही 65 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर बच्चों के टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है।

## नन्हे-नन्हे कलाकारों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश




**बायां** । सीनियर सेकंडरी स्कूल बायां में शुक्रवार को ईको फ्रेंडली गणेशजी निर्माण की कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में अनेक बच्चे शामिल हुए। कार्यशाला में अनिल बनौरिया के मार्गदर्शन में नन्हे नन्हे कलाकारों ने ईको फ्रेंडली गणेश जी निर्माण की बारीकियों की समझा और प्रतिमाओं का निर्माण भी किया। इस अवसर पर प्राचार्य श्रीमती अपर्णा तिवारी ने बच्चों से कहा कि वे अपने घरों में ईको फ्रेंडली गणेशजी की स्थापना ही करें। अन्य लोगों को भी इसका संदेश दें।

## मां नर्मदा सेवा समिति का सफाई अभियान, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए घाटों से हटाया कीचड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैरुंदा

नीलकंठ के नर्मदा घाट से मां नर्मदा सेवा समिति भैरूंदा द्वारा नर्मदा के तटों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। बारिश के चलते घाटों पर कीचड़ जमा होने से अमावस्या पर स्नान के दौरान श्रद्धालुओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अमावस्या पर श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए, समिति के सदस्यों ने सफाई अभियान चलाया। इस दौरान नीलकंठ के सरपंच संतोष वर्मा भी मौजूद रहे और उन्होंने समिति के साथ मिलकर घाटों से कीचड़ हटाने में सहयोग दिया।समिति के पास संसाधनों की कमी होने के बावजूद, सदस्यों ने हाथों से फावड़े चलाकर जमा कीचड़ हटाकर साफ किया। सेवा समिति का कहना है कि उनका प्रयास है कि अमावस्या पर श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े।



## बीआरसी ने बढ़ाया खिलाड़ियों का मनोबल स्पोर्ट्स किट पाकर खिल गए सबके चेहरे




**बुधनी**। शासकीय माध्यमिक शाला माना में बी.आर.सी.सी. मणिशंकर शर्मा ने संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में चयनित अंडर 14 एवं 17 के विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया चयनित बच्चों ने खेल मैदान में अपना शानदार प्रदर्शन किया।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान में स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के अंतर्गत विकासखंड की माध्यमिक शालाओं में से केवल शासकीय माध्यमिक शाला माना से छात्र अंश कहार 14 एवं हरिराम यदुवंशी का अंडर 17 खो खो प्रतियोगिता में चयन हुआ बीआरसी मणिशंकर शर्मा ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि नियमित अभ्यास, अनुशासन और दृढ़ संकल्प से ही खिलाड़ी बड़े मुकाम हासिल करते हैं।

उन्होंने विद्यार्थियों को संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित होकर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन करने की शुभकामनाएँ दीं कार्यक्रम में संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स किट वितरित किए इस अवसर पर विद्यालय के संस्था प्रधान हरदयाल सिंह आजाद , एन एस चौहान, शोभा सिरसवाल, शाहजहां मंसूरी, सीमा मालवीय, प्रीति भावसार सहित समस्त स्टाफ बच्चे मौजूद रहे इन खिलाड़ियों को संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए संस्था के शिक्षक बी एल धुर्वे का विशेष योगदान रहा ।

## आचार्य वेदार्थी के व्याखान से छात्रों, कैदियों को मिली सद प्रेरणा

# ईश्वर प्रकाश स्वरूप,उसका विधान सर्वत्र समान लागू रहता है: आचार्य विष्णुमित्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर




जिन कर्मों को करने से आत्मा,शरीर,समाज राष्ट्र व जगत की उन्नति होती है,वह संस्कृति कहे जाते हैं।क्रत कर्मों के फल कभी निष्फल नहीं होते हैं,उचित समयपर विपाक होकर वह फलीभूत होते हैं।परमात्मा प्रकाशस्वरुप है,विश्व के सर्वेश्वर का एक संविधान है।जो असीम जगत में समान रुप सदा लागू रहता है। यह उदगार शुक्रवार सुबह महर्षि दयानंद मार्ग गंज, स्थित आर्य समाज मंदिर में वेद प्रचार सप्ताह के दौरान बिजनौर यू.पी से पधारे वैदिक विद्वान आचार्य विष्णुमित्र वेदार्थी ने व्यक्त किए।

आचार्य वेदार्थी ने कहाकि आत्मा शरीर के भीतर है जबकि ईश्वर सर्वत्र असीम ब्रह्मांड में व्याप्त है,उसका साक्षात्कार ह्रदय प्रदेश में ही होता है,उसे बाहर तलाश करना अज्ञानता है।आचार्य ने कहा कि जिन पुस्तकों को पढ़ने से विचार प्रवाह बाहर की ओर हो,वह अध्ययन है और जिन पुस्तकों को पढ़ने से विचार प्रवाह भीतर की ओर हो,वह स्वाध्याय है।जिसकी सामर्थ्य, नियम से सूर्य प्रकाशित होता है,नदियों का जल बहता है,वायु प्रवाहित होती है,वह परमात्मा है। इसके पूर्व भजनोपदेशक प. भीष्म आर्य के गीतों एवं भजनों की सुमधुर संगीतमयी प्रस्तुतियों का श्रोताओं ने आनंदविभोर होकर रसास्वादन किया। संचालन समाज के प्रधान नरेश आर्य ने किया एवं आभार रमेश राठौर ने व्यक्त किया।कार्यक्रम मे.मुख्य रुप से वैदिक प्रवक्ता संतोष सिंह,उपप्रधान तरूण जगवानी,नरेन्द्र राठौर,माधोसिंह गौर,आर.एस गौर,मंत्री रितेश आर्य बाबूलाल आर्य,राजेन्द्र राठौर,संजीव आर्य,रामदीन आर्य राजकुमार राठौर,हेमराज प्रजापति सहित बड़ी संख्या मे. आर्यजन,श्रद्धालु,महिलाएं शामिल रहे।शांतिपाठ व जयघोष से कार्यक्रम का समापन हुआ। गुरूवार दोपहर शहीद चंद्रशेखर आजाद महाविद्यालय में आचार्य वेदार्थी ने अपने व्याख्यान में छात्रशक्ति की सामर्थ्य से समाज निर्माण की भूमिका को अनेक द्रष्टांतों से आव्हान किया। छात्रों ने करतल ध्वनियों से आचार्य का उत्साह वर्धन किया।वहीं शुक्रवार दोपहर जिला उपजेल में आचार्य वेदार्थी के सारगर्भित व्याखान में पंच महायज्ञों की विधि को स्पष्ट करते हुए सदकर्मों से होने वाले लाभों को परिभाषित किया। कैदियों ने आचार्य वेदार्थी के व्याखानों को मुक्त कंठ से सराहा

### फ्री लिमिट से ज्यादा रुपए निकालना 2 रुपए महंगा

सीहोर । रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने एटीएम से पैसे निकालने पर लगने वाले चार्ज बढ़ा दिए। 1 मई से फ्री लिमिट पार करने पर हर ट्रांजेक्शन पर अब 23 रुपए देने होंगे। अभी तक यह चार्ज 21 रुपए था। यानी ग्राहकों को हर ट्रांजेक्शन पर 2 रुपए ज्यादा चुकाने होंगे। अब हर ट्रांजेक्शन पर 19 रुपए इंटरचेंज चार्ज लगेगा। पहले यह 17 रुपए था।

कार्यालय संपर्क 9977619289 E-MAIL coopmsichhawar@gmail.com
PAN-AAGAS9947R GSTIN-23AAGAS9947R1ZH

**कार्यालय सहकारी विपणन संस्था मर्यादित इछावर जिला सीहोर (म.प्र.)**

कमांक /222/2024-25 इछावर दिनांक 20/08/2025

**-:: वार्षिक साधारण सभा की सूचना :-**

संस्था के समस्त प्रत्यायुक्तों, अधिकृत प्रतिनिधियों एंव शासकीय प्रतिनिधियों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा दिनांक 04.09.2024 दिन गुरूवार समय दिन के 2 बजें संस्था कार्यालय में आयोजित की गयी है। जिसके सूचना पत्र डॉक से भेज दिये गये है। यदि किसी कारण डॉक प्राप्त नही होती है तो सभी संबंधित इस सूचना के माध्यम से वार्षिक साधारण सभा में उपस्थित होने का कष्ट करें।

(विजेन्द्र सिंह ठाकुर) प्रबंधक सहकारी विपणन
संस्था मर्या. इछावर जिला सीहोर मो. नं. 9977619289

इंका जिलाध्यक्ष के पदभार ग्रहण कार्यक्रम में जिपं सदस्य का आपत्तिजनक बयान

# 'लाड़ली बहनों को बोरियों में भर देंगे' बयान से गरमाई सियासत

## बीजेपी पदाधिकारी बोले-यह करोड़ों महिलाओं का सीधे-सीधे अपमान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कांगेस के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष प्रियवृत सिंह बुधवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में अपना पदभार ग्रहण करने आए थे। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जहां उनका भव्यता से स्वागत, अभिनंदन किया लेकिन इस संदर्भ में आयोजित सभा में जिला पंचायत सदस्य यशवंत सिंह गुर्जर द्वारा दिए गए एक बयान से राजनीतिक सियासत गर्मा गई है। मंगल भवन में आयोजित इस सभा के दौरान जिपं सदस्य यशवंत सिंह गुर्जर ने अति-उत्साह में कह डाला कि 'कहां की लाड़ली बहनियां, सबकों बोरियों में भर देंगे'। कांग्रेस नेता की यह टिप्पणी सीधे-सीधे प्रदेश सरकार की लाड़ली बहना योजना से जुड़ी लाखों महिलाओं पर कही गई मानी जा रही है। गुर्जर के इस बयान की भाजपा पदाधिकारियों की तरफ से तीखी प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। भाजपाईयों ने कांग्रेस पदाधिकारी के इस बयान को सीधे-सीधे लाखों मातृ-शक्तियों का अपमान करार दिया है। उल्लेखनीय है कि जिपं सदस्य की प्रदेश की ढाई करोड़ से अधिक 'लाड़ली बहनों' पर की गई इस टिप्पणी पर भाजपा पदाधिकारियों ने उनसे मांफी मांगने की मांग की है। वहीं, श्री गुर्जर के इस आपत्तिजनक बयान का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

### बयान के समय ठहाके लगा रहे थे कांग्रेस

सभा के दौरान जब उक्त लाड़ली बहनों पर उक्त आपत्तिजनक बयान दिया गया उस समय कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता ठहाके लगाते हुए हंसते भी नजर आ रहे हैं। मंच पर स्वयं कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियवृत सिंह खिंची, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया, पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर, पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बैठे हुए थे।

### हम घोर निंदा करते हैं

लाड़ली बहनों को बोरियों में बंद करने के बयान की हम घोर निंदा करते हैं। इससे कांग्रेस का असली चेहरा सामने आया है। मंच पर बयान देते समय कांग्रेसियों का ठहाके लगाकर हंसना उनकी सामंतवादी सोच को उजागर करता है। डूबती हुई कांग्रेस के ताबूत में अंतिम कील ठोकने का काम प्रदेश की लाड़ली बहनें करेंगी। इस बयान पर कांग्रेस को मांफी मांगनी चाहिए।

**- अनीता दुबे**, जिलाध्यक्ष, भाजपा महिला मोर्चा

### यह बयान बेहद निंदनीय

कांग्रेस नेता का यह बयान बेहद निंदनीय है। शायद कांग्रेस भूल गई है कि यह भारत भूमि है जहां नारी शक्ति के अपमान पर महाभारत का युद्ध तक हो चुका है। किसी भी स्थिति में बहनों का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उक्त आपत्तिजनक बयान देते समय इंकाई नेता ठहाके लगाकर हंसे तब कांग्रेस का असली चाल-चरित्र और चेहरा उजागर हो गया।

**- देवीसिंह सौंधिया**, जिला महामंत्री, भाजपा

### तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत किया

मेरे बयान मालवी भाषा में था जिसे तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत किया जा रहा है। कांग्रेस हमेशा महिलाओं का सम्मान करती आई है।

**- यशवंत गुर्जर**, जिला पंचायत सदस्य, राजगढ़

## राव को करणी सेना का प्रदेश मीडिया प्रभारी नियुक्त किया



**ब्यावरा।** राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना द्वारा भूपेंद्र सिंह को प्रदेश मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि भूपेंद्र सिंह लंबे समय से पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय हैं और समाज व संगठन की गतिविधियों को मीडिया तक प्रभावी ढंग से पहुँचाने का अनुभव रखते हैं। नियुक्ति पर समाज के विभिन्न वर्गों से उन्हें बधाइयाँ एवं शुभकामनाएँ प्राप्त हो रही हैं। इस अवसर पर भूपेंद्र सिंह ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है, वह मेरे लिए गर्व और सम्मान की बात है। पत्रकारिता से जुड़े अपने अनुभव का उपयोग कर मैं संगठन की गतिविधियों, विचारधारा और समाज के उत्थान के संदेशों को पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ मीडिया तक पहुँचाऊँगा। संगठन की छवि को और मजबूती देने के लिए सदैव तत्पर रहूँगा।

फरियादी के नाक व सिर पर चोट

## हॉर्न बजाने को लेकर उपजे विवाद में एफआईआर, अस्पताल में भर्ती



**ब्यावरा।** शहीद कॉलोनी निवासी फरियादिया कल्लो एव उसके लडके सुमित ने सिटी थाना पहुंचकर हॉर्न बजाने की बात के चलते मारपीट करने व भद्दी भद्दी गाली - गलोच पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। सुमित का कहना है ि कवह अपने दोस्त रवि के साथ मोटरसाइकिल से जा रहा था तभी पीपल चैराहे पर जैन चाय के पास मोहल्ले के पवन, सुमित और छोटू जाटव ने मेरा रास्ता रोका और हार्न बजाने की बात पर मारपीट करने लगे जिससे मेरे सिर व नाक पर गंभीर चोट आई है। वहीं जब दोस्त रवि ने बीच बचाव किया तो तीनों जाते जाते बोल गए कि आगे से हॉर्न बजाया तो जान से खत्म कर देगें।

### पार्षद ने आगे बढ़कर कराया इलाज

वार्ड नं 9 के पार्षद गोपाल जाटव को जब पता चला की वार्ड के युवा आपस में लड गए तो उन्होने सुमित को चोट लगने पर उसका सबसे पहल इलाज करवाया आगे से ऐसा न होने की बात भी कही।

### पीड़ित पक्ष ने लगाए डराने धमकाने के आरोप

दूसरी ओर सुमित और उसकी मां भय के माहौल में जीने को मतबूर है उनका कहना है कि आए दिन यह पार्षद पुत्र मेरे इकलौते बेटे को धमकाते है और मारा कूटी करने पर उतारू होते है। ऐसे में भविष्य में यदि काई बडी दुर्घटना होती है तो इन्ही की जिम्मेदारी होगी।

### सीसीटीवी में रिकॉर्ड हुई घटना

पीपल चैराहे पर गाडी रोककर मारपीट की यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है जिसमें देखा जा सकता है कि तीन लोग मिलकर एक को मार रहे है।

# ई-अटेंडेंस न लगाने पर कटेगी आधे दिन की सीएल व एच्छिक अवकाश

## 'हमारे शिक्षक' एप पर अब अनिवार्यतः दर्ज करनी पड़ेगी उपस्थिति




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के विभिन्न स्कूलों में शिक्षकों द्वारा तय समय पर स्कूलों में न पहुंचना और निर्धारित समय से पूर्व ही शाला बंद करके घर चले जाने की लगातार मिलती शिकायतों के बाद विभाग ने 'हमारे शिक्षक' एप पर ई-अटेंडेंस की व्यवस्था शुरू की है। ई-अटेंडेंस की इस व्यवस्था को जिले में 1 जुलाई से अनिवार्य किया गया था। हालांकि, पहले महीने महज 20 से 25 फीसदी शिक्षकों ने ही ई-अटेंडेंस दर्ज करवाई। विभाग ने भी हमारे शिक्षक एप की कुछ तकनीकी खामियों, सुदूर अंचलों के स्कूलों में नेटवर्क की समस्या इत्यादि के चलते शुरूआत में सख्ती नहीं दिखाई और अगस्त महीने में सभी शिक्षकों को उनका वेतन जारी कर दिया था। लेकिन अब विभाग ई-अटेंडेंस पर सख्त रुख अपना रहा है। जिला शिक्षाधिकारी करण सिंह भिलाला ने गुरुवार को एक आदेश जारी किया है। आदेश में उल्लेख है कि ई-अटेंडेंस का उल्लंघन करने वाले शिक्षकों का आधे दिवस का आकस्मिक एवं एच्छिक अवकाश स्वतः ही कट जाएगा। जिला शिक्षाधिकारी ने सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों, संकुल प्राचार्यों को निर्देशित किया है कि वे अपनी अधीनस्थ संस्थाओं में इस आदेश का कठोरता से पालन सुनिश्चित करवाएं। उल्लेखनीय है कि शिक्षा विभाग द्वारा लागू की गई ई-अटेंडेंस व्यवस्था का विभिन्न शिक्षक संघटनों द्वारा शुरूआत से ही पुरजोर विरोध किया जा रहा है।

### अतिथि शिक्षकों को नहीं मिलेगा उस दिन का मानदेय

ई-अटेंडेंस न लगाने वाले नियमित शिक्षकों का जहां आधे दिवस का आकस्मिक एवं एच्छिक अवकाश स्वतः काटा जाएगा वहीं जिले के विभिन्न स्कूलों में सेवारत अतिथि शिक्षकों को उस दिन का कोई मानदेय भुगतान नहीं किया जाएगा।

# अंचल में करोड़ों की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमि पूजन

## हर गांव तक पहुंचेगी विकास की गंगा




**सारंगपुर।** कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री गौतम टेटवाल ने गुरुवार को सारंगपुर अंचल के विभिन्न ग्राम पंचायतों में करोड़ों रुपये की लागत से पूर्ण हुए विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि पूजन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि ग्रामीण अंचलों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार कर लोगों को बेहतर जीवन स्तर प्रदान किया जाए।

**रामपुरिया पंचायत में 45 लाख की सौगात :** ग्राम पंचायत रामपुरिया में मंत्री टेटवाल ने लगभग 45 लाख रुपये की लागत से तैयार सामुदायिक टीन शेड भवन, सीसी रोड और नाली निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। इन कार्यों से ग्रामीणों को न केवल सुविधा मिलेगी बल्कि ग्राम का सौंदर्यीकरण भी होगा।

**करौंदी पंचायत में 27.50 लाख की योजनाओं का शुभारंभः** ग्राम पंचायत करौंदी में करीब 27.50 लाख रुपये की लागत से निर्मित स्वागत द्वार, सीसी रोड और नाली निर्माण जैसे जनहितैषी कार्यों का शुभारंभ किया गया। ग्रामीणों ने कहा कि इन कार्यों से गांव के प्रवेश मार्ग का स्वरूप बदलेगा और आवागमन सुगम होगा।

# छत्रपति शिवाजी महाराज की स्मृति में निकाली गरुड़झेप यात्रा का सारंगपुर में भव्य स्वागत



**सारंगपुर।** छत्रपति शिवाजी महाराज के शौर्य और उनकी स्मृति में निकाली जा रही गरुड़झेप यात्रा गुरुवार सुबह सारंगपुर पहुँची। आगरा (उत्तर प्रदेश) से प्रारंभ हुई इस यात्रा का नगर प्रवेश पर सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। यात्रा ने पचोर में रात्रि विश्राम किया और शुक्रवार सुबह आगे प्रस्थान किया। यात्रा में शामिल एडवोकेट मारुतिआवा गोले ने बताया कि यह यात्रा प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है। उन्होंने बताया कि 17 अगस्त 1666 को मुगल शासक औरंगजेब की कैद से छत्रपति शिवाजी महाराज आजाद हुए थे। उसी ऐतिहासिक दिवस की स्मृति और इस खुशी में यह यात्रा निकाली जाती है। इस वर्ष 17 अगस्त को आगरा से शुरू हुई यात्रा 27 अगस्त 2025 को 1310 किमी की दूरी तय कर पुणे (महाराष्ट्र) के रायगढ़ किले पर संपन्न होगी। इस अवसर पर सारंगपुर बायपास से लेकर नगर के विभिन्न चैराहों तक यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। इस दौरान हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला, कैलाश सोलंकी, ललित सेन लोकेश नाहर, निकेश पुष्पद (विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल विनोद लववंशी, मुरली सोलंकी, सतीश राठौर, सुनील बागवान पार्षद, मिहिर शाक्यवार, पीयूष शर्मा, सुमित प्रजापति,अभिनन्दन पाटीदार सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## अज्ञात कारणों से 40 वर्षीय युवक फांसी के फंदे पर लटका



**सारंगपुर।** वार्ड क्रमांक 16 सुदर्शन नगर में एक 40 वर्षीय युवक का शव घर के पंखे पर लटका हुआ मिला। प्राप्त जानकारी के अनुसार महेश पिता रामचंद्र राठौर (उम्र 40 वर्ष) निवासी मंगलाज हाल मुकाम सुदर्शन नगर का शव गुरुवार को सुबह घर के पंखे से लटका हुआ मिला। घटना के समय मृतक की 80 वर्षीय मां घर पर नहा रही थीं और पत्नी प्राइवेट स्कूल में ड्यूटी पर गई हुई थीं, जबकि बेटा इंदौर में पढ़ाई कर रहा है वहीं मृतक उज्जैन में चाय की दुकान चलाता है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और पंचनामा बनाकर शव को कब्जे में लिया। बाद में शव को सिविल अस्पताल सारंगपुर ले जाकर पोस्टमार्टम उपरांत परिजनों को सौंप दिया गया। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जाँच शुरू कर दी है।

## भगवान राणावत राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के संभागीय सलाहकार बने



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष शिवप्रताप सिंह, प्रदेश संघटन मंत्री जीतू दादा, प्रदेश सचिव डॉ. योगेंद्र सिंह, संभाग अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, जिलाध्यक्ष जीतेंद्र सिंह अरनिया की सहमति से भाटपुरा निवासी शिक्षक भगवान सिंह राणावत को संगठन में संभागीय सलाहकार भोपाल के पद पर नियुक्ति दी गई है। संगठन पदाधिकारियों ने श्री राणावत से अपेक्षा की है कि वे सौंपे गए दायित्वों का पूरी निष्ठा के साथ तन, मन, धन व निस्वार्थ भाव से निवर्हन करेंगे। राणावत की इस नियुक्ति पर इष्टमित्रों, परिजनों व मिलने-जुलने वालों ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड आरोन गणवेश केंद्र का उद्घाटन हुआ

**आरोन।** जन्म शताब्दी वर्ष में होने वाले पथ संचलन के लिए गणवेश केंद्र का शुभारंभ आज खंड के माननीय सहसंघचालक से राकेश रघुवंशी जी द्वारा जय साहित्य सदन पर विधिवत भारत माता की पूजन एवं आरती कर किया गया जिसमें विभाग जिला खंड नगर के सभी दायीत्वान कार्यकर्ता उपस्थित हुए साथ में विविध संगठनों के कार्यकर्ता भी उपस्थित हुए विजयदशमी पर इस बार खंड में मंडलों पर और नगर में बस्ती केंद्र पर पथ संचलन निकाले जाएंगे जिसमें सभी स्वयंसेवकों को गणवेश पहनकर सम्मिलित होना है।

शिक्षा विभाग के ढीले रवैए से शिक्षकों में नहीं दिखा कोई डर

# फर्जी डिग्रियों की जांच में भी नहीं पहुंचे 2 शिक्षक, 21 में से 19 हुए उपस्थित

## विभाग ने भी बोर्ड को भेजकर अपनी जिम्मेदारी से झाड़ा पल्ला


जिला शिक्षा अधिकारी ने डीएलएड, डीएड की मार्कशीट जांच के लिए संबंधित बोर्ड को भेजी

शिकायत पर शिक्षकों की फर्जी अंकसूची की जांच शुरू, मंगलवार को जांच के लिए पहुंचे 9 शिक्षक

सही जांच हुई तो कई शिक्षकों की नौकरियों पर आ सकता है संकट, लीपा-पोती की संभावना से नहीं इंकार

इन शिक्षकों की अंकसूची पर मिल रही है लगातार शिकायतें

आज भी होगी अंकसूचियां चेक

इनका कहना है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

फर्जी अंकसूची की जांच की बात पर संबंधित शिक्षकों का सुस्त रवैया और उससे भी ज्यादा शिक्षा विभाग के अधिकारियों का ढीलापन यह बताने के लिए काफी है कि उनके हिसाब से मामला ज्यादा गंभीर श्रेणी में नहीं आता इस बात का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है डीईओ के जिस आदेश का हवाला देकर यह जांच शुरू हुई थी उसमें सिर्फ 19 अगस्त का दिन तय हुआ था जिसमें 21 शिक्षकों को जिला मुख्यालय पर आकर अपने संबंधित अंकसूचीयों को प्रस्तुत करना था परंतु 19 अगस्त को 9 शिक्षक ,20 को 6 शिक्षक एवं 21 अगस्त को मात्र 4 शिक्षक उपस्थित हुए । इससे समझा जा सकता है कि अधिकारी के आदेश को भी शिक्षक कितनी गंभीरता से लेते है इससे अच्छा उदाहरण नही मिलेगा। अभी भी 2 शिक्षकों ने अपने दस्तावेज विभाग तक नहीं पहुंचाए हैं जिससे उनकी जांच करवाई जा सके।

### सबसे ज्यादा फर्जी शिक्षक ब्यावरा ब्लॉक से

जांच में लिए गए 21 शिक्षकों में से 17 शिक्षक सिर्फ ब्यावरा ब्लॉक से है बांकी में खिलचीपुर,जीरापुर, सारंगपुर और नरसिंहगढ के 1-1 शिक्षक है। यदि यह बात सही है और संबंधित बोर्ड यदि अंकसूचियों पर प्रश्नचिंह लगाता है तो फिर मास्टर माइंड को पकडना जरूरी होगा जिसने शिक्षा के नाम पर इतना बडा फर्जी बाडा किया।

### 21 में से 2 फिर भी अनुपस्थित

यह वहीं शिक्षक है जिनकी नियुक्ति को लेकर कई शिकायतें विभाग के पास पहुंची है और इनकी अंकसूची को लेकर संदेह जताया जा रहा है। जिनकी डीएलएड और डीएड को लेकर संदेह ज्यादा है जिसको लेकर जिलाशिक्षाधिकारी ने मूल दस्तावेज के साथ जिला कार्यालय में उपस्थित होने को कहा था परंतु 2 शिक्षक उपस्थित फिर भी उपस्थित नहीं हो सके।

| शिक्षक का नाम | ब्लॉक | संस्था का नाम |
|---|---|---|
| राधेश्याम लववंशी | ब्यावरा | शा प्रा वि जैतपुरा |
| ब्रजमोहन दांगी | ब्यावरा | शा प्रा वि वैरियाखेडी |
| जगदीश दांगी | ब्यावरा | शा उ मा वि भिलवाडिया |
| बसंत शिवहरे | ब्यावरा | शा प्रा वि कांसोर खुर्द |
| राहुल यादव | ब्यावरा | शा मा वि पातलापानी |
| नेमसिंह मीना | ब्यावरा | शा प्रा वि खेजडामहाराज |
| हेमंत शर्मा | ब्यावरा | शा प्रा वि भगवतीपुर |
| राधा दांगी | ब्यावरा | शा उ मा वि खजुरिया |
| जगदीश दांगी | ब्यावरा | शा मा वि पाडली महाराज |
| सावित्री दांगी | ब्यावरा | शा मा वि पाडली महाराज |
| बनेसिंह मीना | ब्यावरा | शा प्रा वि नालियाखेडी |
| भारत सिंह यादव | ब्यावरा | शा प्रा वि आगर |
| रमेश चंद्र | ब्यावरा | शा प्रा वि आगरी |
| हरीप्रसाद लववंशी | ब्यावरा | शा मा वि पाडली महाराज |
| मुकेश मीना | ब्यावरा | शा प्रा वि सीलखेडा |
| पवन शर्मा | ब्यावरा | शा मा वि आगर |
| सुनील प्रजापति | ब्यावरा | शा प्रा वि सीलखेडा |
| मांगीलाल दांगी | खिलचीपुर | शा प्रा वि बेदार |
| भेरूलाल दांगी | जीरापुर | शा प्रा वि सेमरा |
| राजगल दांगी | सारंगपुर | शा प्रा वि बुदनपुरा |
| हिम्मत सिंह मीना | नरसिंहगढ | शा प्रा वि चापरीकला |

### इनका कहना है

2 शिक्षक अनुपस्थित रहे जिनके दस्तावेज आ गए है उन्हें संबंधित बोर्ड के सत्यापन के लए भेजा जा रहा है।

**करन सिंह भिलाला**, जिला शिक्षाधिकारी राजगढ़

# राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का कलेक्टर ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना



कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा गुरुवार को पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बजरंगगढ, गुना में राष्ट्रीय बास्केटबाल प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया गया। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में योगेश नागदेव, शाखा प्रबंधक, एवं डीके सिंह, सहायक आयुक्त नवोदय विद्यालय समिति भोपाल संभाग उपस्थित रहे। सहायक आयुक्त भोपाल संभाग डीके सिंह के द्वारा मुख्य अतिथि कलेक्टर कन्याल एवं शाखा प्रबंधक स्टेट बैंक का स्वागत एवं सम्मान पुष्प गुच्छ और शॉल श्रीफल के साथ किया गया।

नवोदय विद्यालय समिति के द्वारा आयोजित 33वीं राष्ट्रीय बास्केटबाल प्रतियोगिता में पधारे हुए भारत वर्ष के 08 संभागों से पधारे हुए समस्त 480 प्रतिभागी टीम मैनेजर एवं कोच आदि का ह्रदय से स्वागत एवं प्रशंसा की।कलेक्टर श्री कन्याल ने कहा कि विशेष तौर से शिलाँग क्षेत्र से पधारे हुए छात्रों को गुना में भी सुहाने मौसम के आनंद के अनुभूति होने हो रही होगी। उन्होंने कहा आप सभी बॉस्केटवॉल प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करें। समापन समारोह में 23 अगस्त को केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने 33वीं राष्ट्रीय बास्केटबाल प्रतियोगिता में प्रतिभागिता कर रहे खिलाडिय़ों को शुभकमनाएं दी।उद्घाटन कार्यक्रम में जवाहर नवोदय विद्यालय शाजापुर की छात्राओं के शानदार नृत्य ने सभी का मन मोह लिया।गुना जिले के बास्केट फेडरेशन के सचिव अतुल लुम्बा एवं मनोज शर्मा, क्रीडा अधिकारी भी इस कार्यकम में उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### पहलवानों का ग्रामीणों ने किया सम्मान

**जावर।** विदिशा जिले में आयोजित राष्ट्रीय ओपन (महिला/पुरुष) कुश्ती चैंपियनशिप में जावर के श्रीराम व्यायाम शाला के पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन कर नगर और क्षेत्र का मान बढ़ाया। लक्की पहलवान, राजा बली पहलवान, रिंकू मालवीय, कृष्णा पाल पहलवान, पप्पू पहलवान और अभि पहलवान ने अपने-अपने वर्ग में दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए यह साबित किया कि सही प्रशिक्षण, अनुशासन और कड़ी मेहनत से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। इस सफलता का श्रेय श्रीराम व्यायाम शाला के प्रशिक्षक उस्ताद हरपाल सिंह ठाकुर के उत्कृष्ट मार्गदर्शन और खिलाड़ियों की निरंतर मेहनत को जाता है। जावर लौटने पर खिलाड़ियों के उत्कर्ष प्रदर्शन के लिए उनका सम्मान कर उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर बलजीत सिंह चौहान भाजपा प्रदेश मंत्री अनुसूचित जाति मोर्चा, संतोष कुमार जैन,संजय पांचाल, पवन मालवीय, रिंकू ठाकुर, रवि खरे , प्रद्युम्न वैद्य, रवि लोधी, अमन वैद्य, शुभम वैद्य , जतिन, ओमप्रकाश सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने पहलवानों को बधाई दी।

### पर्युषण महापर्व के प्रथम दिन हुआ प्रवचन

**जावर।** महिदपुर रोड वर्धमान स्वाध्याय मंडल के स्वाध्याय बंधु सचिन भंडारी एवं ऋषभ जैन के निर्देशन में धर्मनाथ स्वामी जैन मंदिर में पर्युषण महापर्व की आराधना के प्रथम दिन स्वाध्याय बंधु सचिन भंडारी ने अष्ठानिका के प्रवचन में उपस्थित समाज जनों को जिनवाणी का रसपान कराते हुए कहा कि पर्व दो प्रकार के होते हैं लौकिक और लोकोत्तर लौकिक पर्व बाहरी साज-सज्जा मौज शौक शरीर को सजाने वाले होते हैं जैसे अच्छा खाना पीना घूमना अच्छे कपड़े पहनना वहीं लोकोत्तर पर व आत्मा को स्वच्छ निर्मल सजाने का कार्य जप तप साधना आराधना के माध्यम से किया जाता हैं पर्युषण महापर्व के प्रथम दिन बुधवार को 5 कर्तव्यो के बारे में बताया गया जिसमें अमारी प्रवर्तन, साधार्मिक वात्सल्य, क्षमापना अंठम तप ,चैत्य परिपाटी के बारे में समझाया गया प्रतिदिन पर्युषण महापर्व में भक्तांबर स्नात्र पूजा प्रवचन, प्रतिक्रमण ,आरती, भक्ति विभिन्न प्रकार की धार्मिक प्रतियोगिताएं संपन्न की जाएगी 24 तारीख को भगवान महावीर स्वामी का जन्म वांचन का भव्य समारोह मनाया जाएगा।

## 3800 से ज्यादा बच्चे महज 10 बसों के हवाले, कई गांवों में नहीं पहुंच रही बसें

# दूर दराज के कई गांवों के बच्चे निजी खर्च से प्राइवेट बसों से स्कूल जाने को मजबूर

### स्कूल विभाग का तर्क 40 बसों की जरूरत, लेकिन 10 बसें ही हुईं उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार ने सीएम राइज स्कूल शुरू करते समय घोषणा की थी कि यहां पढ़ने वाले बच्चों को न सिर्फ प्राइवेट स्कूलों के बराबर सुविधा मिलेगी बल्कि आवागमन के लिए बस भी निशुल्क उपलब्ध होगी। ऐसे में सरकार के वादे के अनुसार शिक्षा का नया सत्र शुरू हो गया है वहीं अधूरे पड़े संदीपनी स्कूल में छात्र छात्राओं को प्रवेश भी मिल गया है और नए सत्र की बच्चो ने पढ़ाई भी शुरू कर दी है लेकिन निशुल्क बस व्यवस्था बदहाल नजर आ रही है आलम ऐसे ही 3800 की संख्या वाले विधानसभा के सबसे बड़े स्कूल में महज 10 बसे ही ठेकेदार द्वारा संचालित की जा रही है। ऐसे में कई गांवों के बच्चों को इन निशुल्क बसों की सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है जिससे इन बच्चों के गरीब परिवारों पर निजी बसों में किराए का आर्थिक बोझ पड़ रहा है वही कई बच्चे तो स्कूल जाने से वंचित तक हो रहे हैं जिससे अब स्कूली बच्चों ने सरकार सहित अधिकारियों से निशुल्क बस सेवा उपलब्ध कराने की मांग की है।

#### प्राइवेट बसों में जाने को मजबूर

आष्टा विधानसभा का सबसे बड़ा संदीपनी स्कूल के लिए शासन प्रशासन ने बच्चों को प्रवेश कराने के लिए जोर शोर से काफी प्रचार-प्रसार किया था। आपको बता दें की 20 से 15 किमी के दायरे में यह एकमात्र संदीपनी स्कूल है। यहां पढ़ने वाले बच्चों को एक्सपर्ट शिक्षक और बेहतर सुविधाएं मुहैया कराना सरकार का लक्ष्य है वही इसके लिए सरकार ने करोड़ों रुपए की लागत से विशाल काय भवन बनाया है जिसका कार्य लगभग पूरा होने वाला है। लिहाजा आष्टा विधानसभा के शहरी क्षेत्र में बने संदीपनी स्कूल के विशाल और सुंदर भवन में स्कूल प्रबंधन ने नए भवन के कुछ कमरों में कक्षाएं संचालित करना शुरू कर दिया है लेकिन अब सरकार की नेक मंशा को निशुल्क बसों का टेंडर लेने वाले निजी ठेकेदार समाया स्कूल बस ट्रांसपोर्टेशन लिमिटेड कंपनी पलीता लगा रही हैं और स्कूल सत्र शुरू होने के दो माह बाद भी ठेकेदार (एजेंसी)महज 10 बसे ही संचालित कर पाया है ऐसे में दूर दराज से आने वाले ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूली बच्चों को अब भी निजी खर्च से आवागमन करना पड़ रहा है। और तो ऐसे में कई बार अभिभावक अपने संसाधनों से उन्हें स्कूल छोड़ने आते हैं। जिससे इन बच्चों के परिवारों को अतिरिक्त आर्थिक बोझ का सामना करना पड़ रहा है गौरतलब है कि सरकार की मंशा संदीपनी स्कूल को प्राइवेट स्तर का बनाने की थी लेकिन यहां तो बस की ही व्यवस्था नहीं हो रही। ऐसे में अब सरकार की नेक मंशा को बस ठेकेदार चौपट करने का काम कर रहा है।

#### 2100 बच्चों के लिए 40 बसों की जरूरत

संदीपनी स्कूल के प्राचार्य सीतवत खान ने जानकारी देते हुए बताया की स्कूल में कुल 3800 बच्चों की संख्या है वही ग्रामीण क्षेत्रों के 2100 बच्चों के लिए स्कूल प्रबंधन को 40 बसों की जरूरत है लेकिन ठेकेदार द्वारा महज 10 बसे ही उपलब्ध कराई है वही पांच बसे अभी आई है लेकिन उनके भी दस्तावेज पूरे नहीं होने के कारण संचालित करना मुमकिन नहीं है ऐसे में बच्चों की परेशानी होना स्वाभाविक है और इसके लिए हमने बस ठेकेदार को कई बार लिखित में पत्र भी लिखे हैं।

#### स्कूल प्रबंधन ने लिखा बस ठेकेदार को पत्र

संदीपनी स्कूल के प्राचार्य सीतवत खान ने बताया कि 2100 बसों के लिए हमे 40 बसे पर्याप्त होगी लेकिन बस ठेकेदार समाया स्कूल बस ट्रांसपोर्टेशन लिमिटेड भोपाल ने महज 10 बसे ही उपलब्ध कराई है वही स्कूल प्रबंधन ने 12 जून,17 जुलाई,14 अगस्त,21 अगस्त से लेकर 4 बार लिखित में पत्र लिखकर बसों की पर्याप्त संख्या को बढ़ाने की मांग की है फिर भी बस संचालक समाया स्कूल बस ट्रांसपोर्टेशन लिमिटेड कंपनी के कानो में जू नहीं रेंग रही है और अब तक पर्याप्त बसे उपलब्ध नहीं करवा पा रही है।

#### विधायक ने लगाई फटकार, दो टूक में कहा पर्याप्त बस उपलब्ध नहीं कराई तो करेंगे ब्लैकलिस्ट



अपनी विधानसभा के स्कूली बच्चों की परेशानी को देखते हुए विधायक गोपाल इंजिनियर ने भी समाया स्कूल बस ट्रांसपोर्टेशन लिमिटेड कंपनी भोपाल को फटकार लगाई है और सख्त हिदायत देते हुए कहा है दो टूक में कहा है कि बसे उपलब्ध नहीं कराई तो ऐसे ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करेंगे। विधायक गोपाल इंजिनियर ने कहा कि संदीपनी स्कूल हमारी सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है जिसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराना है इसके लिए सरकार ने 65 करोड़ रुपए से ज्यादा भव्य और विशाल भवन बनाने में खर्च किए हैं ताकि बड़ी संख्या में बच्चों को बेहतर और निशुल्क शिक्षा मिल सके। और इसके लिए हमारी भाजपा सरकार ने दूर दराज के ग्रामीण बच्चों के लिए निशुल्क बसों की सेवा देने का वादा किया है और समय पर बसे उपलब्ध नहीं होने से सरकार की छवि धूमिल करने का काम समाया स्कूल बस ट्रांसपोर्टेशन लिमिटेड कंपनी कर रही है। ऐसे में यह समाया कंपनी यदि पर्याप्त बसे जल्दी उपलब्ध नहीं कराती है तो इसे ब्लैकलिस्ट करने सहित सुरक्षा राशि रोकने के लिए मुख्यमंत्री से मांग करूंगा।

## धान के खेत में मिला 9 फीट लंबा अजगर, किया रेस्क्यू

### वन विभाग ने जंगल में छोड़ा



हरिभूमि न्यूज ⏭ अहमदपुर

शुक्रवार की सुबह क्षेत्र में अजगर मिलने की सूचना से हड़कंप मच गया। अहमदपुर वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले हीरापुर पारुआ पर बेल्डिंग की दुकान के पीछे धान के खेत में अजगर होने की सूचना जैसे ही क्षेत्र में फैली आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया लोक अजगर को देखने के लिए काफी बड़ी संख्या में वहां पहुंच गए। मौजूद ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग अहमदपुर को दी क्षेत्र में अजगर होने की सूचना अहमदपुर वन विभाग के अमले को मिली, सूचना मिलने पर वन विभाग का आमला मौके पर पहुंचा वन विभाग के आमले ने ग्रामीणों के सहयोग से अजगर का रेस्क्यू किया, अहमदपुर वन विभाग में पदस्थ नाकेदार तेज सिंह ने बताया कि अजगर की लंबाई लगभग 8 से 9 फीट थी अजगर का सुरक्षित रेस्क्यू कर जंगल में अजगर को छोड़ दिया है। वन विभाग के अमले से मिली जानकारी के अनुसार बताया गया है कि अजगर को पकड़ने के लिए एक रस्सी लोहे की रॉड लोहे के पाइप लकड़ी डंडों के सहारे अजगर का रेस्क्यू किया गया अजगर को रस्सी से बांधकर पकड़कर बोरी में भरकर जंगल में छोड़ा गया घंटों मशक्कत के बाद अजगर का रेस्क्यू करने में वन विभाग की टीम को सफलता हाथ लगी। अजगर मिलने की सूचना के बाद बड़ी संख्या में लोग वहां पहुंच गए बताया जा रहा है कि अजगर निकालने की सूचना से क्षेत्र में हड़प्पा मच गया था कुछ लोग अजगर का जब रेस क्यों किया जा रहा था वहां पर खड़े लोग अपने मोबाइल में उसके रेस्क्यू को कैद करते हुए भी नजर आए वन विभाग के टीम के द्वारा ग्रामीणों के सहयोग से अजगर का रिस्क कर लिया गया वहीं अजगर को सुरक्षित रेस्क्यू का जंगल में छोड़ दिया गया। वनपाल सुरेन्द्र शर्मा वनरक्षक तेजसिंह पच्चीसिया, कर्मचारी मजीद खां, अशोक शर्मा, नारायण मीणा एवं ग्रामीणो के सहयोग से रेस्क्यू किया।

### अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा सीहोर द्वारा, बच्चों एवं युवाओं के लिए सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन

**सीहोर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा सीहोर द्वारा राजपूत क्षत्रिय समाज के बालक, बालिकाओ, युवाओ के सामान्य ज्ञान विकसित करने हेतु दिनांक 24/08/2025 दिन रविवार समय 10.30 बजे स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय अवधपुरी सीहोर पर सामान्य ज्ञान कि लिखित प्रतियोगिता का आयोजन अखिल भारतीय क्षत्रिय महाविद्यालय दारा किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता के पश्चात आमंत्रित विव्दान विषय विशेषज्ञ दारा प्रेरक उद्बोधन ( मोटिवेशन लेक्चर)भी दिया जायेगा। अतः सामाजिक बंधूओं से अनुरोध है कि इस कार्यक्रम, प्रतियोगिता में अपने बच्चों को भाग लेने हेतु भेजे व अभिभावक भी आएं।

### श्रावक और श्राविकाएं करें धर्म पालनः मुनिश्री

**आष्टा।** नगर के पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर में चातुर्मास हेतु विराजमान मुनिश्री सजग सागर और मुनिश्री सानंद सागर मुनिराज ने श्री लोक कल्याण सोलह कारण महामंडल विधान के दौरान धर्मसभा को संबोधित किया। मुनिश्री सजग सागर ने कहा, मुनियों के छह परम कर्तव्य होते हैं-सामायिक, स्वाध्याय, वंदना, प्रतिक्रमण, प्रत्याखान और कायोत्सर्ग। मुनियों को 28 कायोत्सर्ग करना बताया गया है, जबकि श्रावकों के छह कायोत्सर्ग होते हैं। उन्होंने कहा, श्रावक की ग्यारह प्रतिमाएं होती हैं। पांचवीं प्रतिमा वाला फल प्रासूक करके ही खाता है। सातवीं प्रतिमा वाला न तो शादी कराता है, न ही शादी में जाता है। आठवीं प्रतिमा वाला व्यापार नहीं करता। दसवीं प्रतिमा वाला सिर्फ दो जोड़ी कपड़े रखता है, एक कमरे में रहता है, परिवार से कोई संबंध नहीं रखता, खुद भोजन बनाकर खाता है। ग्यारहवीं प्रतिमा में क्षुल्लक, ऐलक और साध्वी आते हैं। क्षुल्लक मुनिश्री को आहार दे सकते हैं।

## कुलाश कला, बाराखड़ी मार्ग पर झूलते 33 केवी तारों से हादसे का खतरा, ग्रामीणों में दहशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



कुलाश कला, बाराखड़ी मार्ग पर पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाई गई सड़क पर झूलते 33 केवी के बिजली के तार ग्रामीणों के लिए हमेशा खतरे का कारण बने हुए हैं। सड़क बने करीब दो वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन अब तक बिजली विभाग और ठेकेदार द्वारा बिजली के खंभों को ऊंचा नहीं किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि तार इतने नीचे लटक रहे हैं कि सड़क से ट्रैक्टर ट्राली या बड़े वाहन निकालना हमेशा जोखिम भरा रहता है। किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है।ग्राम निवासी रामचरण वर्मा ने बताया, हम लोग कई बार बिजली विभाग के कर्मचारियों को इस समस्या से अवगत करा चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। हर बार आश्वासन दिया जाता है, मगर समाधान टाल दिया जाता है। इसी तरह ग्रामीण रूपलाल त्यागी ने कहा, गांव के बच्चों और महिलाओं में हमेशा डर बना रहता है। जब भी ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर गुजरते हैं, तो लगता है कहीं तार छू न जाएं। ग्रामीणों ने प्रशासन और बिजली विभाग से तत्काल प्रभाव से झूलते तारों को दुरुस्त कर सुरक्षित मार्ग उपलब्ध कराने की मांग की है। उनका कहना है कि अगर समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो किसी बड़ी अनहोनी से इंकार नहीं किया जा सकता।

## ग्राम पंचायत भंवरा में लगा निशुल्क नेत्र शिविर 40 मरीजों की आंखों में मिला मोतियाबिंद रोग





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

जनपद पंचायत आष्टा के ग्राम भंवरा में समाजसेवी स्वर्गीय ओंकार सिंह परमार की पुण्यतिथि पर निःशुल्क नेत्र शिविर लगाया गया।इस दौरान गांव में लगाए गए नेत्र शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी आंखों की जांचे कराई।

आपको बता दें की ग्राम भंवरा में सामाजिक गतिविधियों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा कर ग्राम वासियों की स्मरणीय यादों में अहम स्थान बना चुके स्वर्गीय ओंकार सिंह परमार के पुत्र अखिलेश परमार और परिवार जनों ने अपने पिता के पद चिन्हों पर चलते हुए अखिलेश परमार ने उनकी पुण्यतिथि पर सेवा सदन भोपाल द्वारा निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया। इस दौरान आयोजित हुए नेत्र शिविर में बड़ी संख्या में ग्राम भवरा सहित आस-पास के गांव के ग्रामीणों ने आंखों की जांचे करवाई। जांचों के बाद डॉक्टरों ने 40 से ज्यादा मरीजों को मोतियाबिंद की शिकायत बताई। जिनका ऑपरेशन अब भोपाल के सेवा सदन अस्पताल में होगा।

### कृषि उपज मंडी में 8851 क्विंटल आवक

**आष्टा।** कृषि उपज मंडी में गुरुवार को कुल 8851 क्विंटल उपज की आवक हुई। लगातार बारिश के बावजूद आवक में बढ़ोतरी बनी रही। गेहूं सुजाता 3106 से 3541, लोकवन 2670 से 2997, पूर्णा 2700 से 2840, मालवराज 2580 से 2601, मिल गेहूं 2530 से 2575 रुपए प्रति क्विंटल बिका। चना कांटा 3481 से 5840, मौसमी 3840 से 5600, सफेद चना 6270 से 9150, काकटू 5600 से 5890 रुपए प्रति क्विंटल नीलाम हुआ। सोयाबीन पीला 2713 से 4717, मसूर 5740 से 6691, मक्का 2170, धनिया 6921 से 6980 रुपए प्रति क्विंटल बिका। फल-सब्जी मंडी में कुल 971 क्विंटल आवक रही। प्याज 300 से 1501 रुपए प्रति क्विंटल नीलाम हुआ।

## गांधी पार्क में हुआ पुष्पांजलि कार्यक्रम लोकेश योगी को दी गई श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

तहसील चौराहा स्थित गांधी पार्क में बुधवार को राष्ट्रीय पसमांदा मुस्लिम महासंघ एवं राष्ट्रीय मानव अधिकार मंच के द्वारा दिवंगत पत्रकार लोकेश योगी की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुष्पांजलि कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार केजी बैरागी द्वारा की गई। राष्ट्रीय पसमांदा मुस्लिम महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष नौशाद खान और हजरत दूल्हा बादशाह बाबा सर्वधर्म हिंदू मुस्लिम त्योहार कमेटी के अध्यक्ष रिजवान पठान मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के दौरान दिवंगत पत्रकार स्वर्गीय लोकेश योगी के चित्र के समक्ष दीप प्रचलित कर पुष्पांजलि अर्पित कर उपस्थित पत्रकारों और राष्ट्रीय पसमांदा मुस्लिम महासंघ राष्ट्रीय मानव अधिकार मंच के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं और गणमान्य नागरिकों ने 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकारों और राष्ट्रीय पसमांदा मुस्लिम महासंघ के पदाधिकारियो ने पत्रकार स्वर्गीय श्री योगी को याद करते हुए उनकी उत्कृष्ट पत्रकारिता और मिलनसार व्यवहार को लेकर याद कर उनकी प्रशंसा की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पत्रकार स्वर्गीय योगी के दोनों बच्चों को राष्ट्रीय पसमांदा मुस्लिम महासंघ राष्ट्रीय मानव अधिकार मंच के द्वारा स्मृति चिन्ह सम्मान पत्र प्रदान किया गया। स्मृति चिन्ह सम्मान पत्र का वाचन मीडिया संघ जिला अध्यक्ष नितिन जौहरी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अमजद लाला भीमपुरा अरशद भाई अजहर बाबा जहीर खान बिलाल भाई मुख्तार पठान, पत्रकार प्रदीप वशिष्ठ, सक्षम पालीवाल, वृंदा विश्वकर्मा, हिमालय गोहिया, बिलाल खान, कमलेश परमार, भारती राजपूत, नितेश योगी सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### काव्य प्रतियोगिता में कवि अतुल और प्रशांत ने लहराया परचम

# 'सिंदूर मिटाने वालों का हम सर्वस्व मिटाकर रख देंगे'

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

साहित्य के क्षेत्र में कार्यरत नई दिल्ली की प्रतिष्ठित संस्था एच.बी. पोएट्री द्वारा भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम से सुसज्जित ऑपरेशन सिन्दूर की शानदार सफलता पर विगत दिनो ऑपरेशन सिन्दूर राष्ट्रीय काव्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। यह प्रतियोगिता केवल एक साहित्यिक आयोजन ही नहीं अपितु हिन्दी साहित्य की विविधता, जीवंतता और सामूहिक रचनाशीलता का उत्सव था। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय काव्य प्रतियोगिता में भारत के 28 राज्यो से लगभग 3500 कवियो नें भाग लिया था जिनमें से 361 कवियों की रचनायें अंतिम रूप से चुनी गई थी।

देश के जाने माने कवियो की इतनी बड़ी सहभागिता से सिद्ध होता कि कविता आज भी समाज के भावो को अभिव्यक्त करने का सशक्त माध्यम है। प्रतियोगिता की विश्वसनीयता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए साहित्य और कला जगत की प्रतिष्ठित विभूतियों को निर्णायक मण्डल में शामिल किया गया था। जिसमें प्रख्यात कवि गजेन्द्र सिंह सोलंकी, सुदीप भोला और चरणजीत सिंह चरण शामिल हुये। इन विद्वानों ने निष्पक्ष और पारदर्शी मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद ही विजेताओ का चयन किया। अंतिम परिणाम में आष्टा नगर के प्रबुद्ध साहित्यकारों एवं कवियो की संस्था साहित्य शिल्पी के दो सदस्य कवि अतुल जैन सुराणा एवं कवि डॉ. प्रशांत जामलिया की कविताओं को विशेष पुरस्कार हेतु चुना गया जो नगर के लिए गौरव का विषय है जिससे सिद्ध होता है कि नगर में हर क्षेत्र की प्रतिभायें मौजूद हैं।कवि अतुल जैन सुराणा की कविता गगनभेदी गर्जना था ऑपरेशन सिन्दूर शीर्षक से प्रसारित हुई वहीं कवि डॉ. प्रशांत जामलिया की ओजस्वी कविता सिंदूर मिटाने वालों का सर्वस्व मिटाकर रख देंगे, हिंदुस्तानी शेर हैं हम, मिट्टी में मिलाकर रख देगें शीर्षक से प्रसारित हुई।





जिन्हें यूट्यूब पर भी आयोजक संस्था के चैनल पर उपलब्ध कराया गया था।दोनो कवियो की इस उपलब्धि पर साहित्य शिल्पी के संरक्षक श्रीराम श्रीवादी सहित ललित बनवट, दिलीप संचेती, गोविन्द शर्मा, डॉ. कैलाश शर्मा, जुगल किशोर पवार, मूलचंद धारवां, डॉ. मीना सिंगी, कल्याण सिंह कर्णवंशी, पार्षद तारा कटारिया, मनीष पाठक, दीपेश पाठक, निलेश खण्डेलवाल, धीरज शर्मा, राजाराम बड़े भाई, संजय जैन किला, कवि नरेन्द्रपाल जैन, कवि संदीप सृजन, राकेश विश्वकर्मा, दीपक जैन, तरूण जैन, साहित्यकार सुदर्शन व्यास आदि नें बधाई प्रेषित की तथा दोनो पुरस्कृत कवियों ने सभी की शुभकामनाओं का आभार व्यक्त किया।